नी मैं कमली हो गई | By Sardar Romi |

कान्हा कान्हा रटके मीरा
प्रेम दीवानी होई
मेरो तो बस श्याम सावरिया
दूजो नाही कोई
****
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई
श्याम सलोनी सूरत देखी
सुध-बुध मेरी खो गई
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई

इश्क़ में तेरे हुई दीवानी
सारे जग से हुई बेगानी
सावरिया मेरा प्रीतम प्यारा
सावरिया मेरा प्रीतम प्यारा
मैं तो श्याम की हो गई
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई

कजरारे तेरे नैना काले
जादू हम पे कर गए प्यारे
झांक के देखा इन नैनों में
झांक के देखा इन नैनों में
मैं तो इन में खो गई
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई

होठों की मुस्कान है गहरी
जिस पर रहती मुरली ठहरी
तेरी ये मुस्कान कलेजे
तेरी ये मुस्कान कलेजे
में एक तीर चुभो गई
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई

ऐसा किया दीवाना तूने
मन का पंछी लगा झूमने
सोच के बात जुदाई की
सोच के बात जुदाई की
रोमी की आंखें रो गई
नी मैं कमली हो गई
नी मैं कमली हो गई

श्याम सलोनी सूरत देखी
सुध-बुध मेरी खो गई
नी मैं कमली हो गई

नी मैं कमली हो गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%88-by-sardar-romi/